दिनांक : 29.06.2024 समय : 07.10 pm

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा– 5 जुलाई को प्रदेष की पात्र लाडली बहनों के खातों टांसफर की जाएगी सहायता राषि ।
- प्रदेष के ग्वालियर, मुरैना और जबलपुर में तेज बारिश का अलर्ट, कई जिलों में बारिष का दौर जारी।

और

- टी–20 विश्व कप के फाइनल में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से। मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे होगा षुरू।

..............

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद यह 'मन की बात' की यह पहली कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और **newsonair** मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

सीएम अन्न उत्सव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज बालाघाट मे श्री अन्न उत्सव और किसान सम्मान समारोह में सहभागिता करते हुए कहा है कि 5 जुलाई को प्रदेष की पात्र लाडली बहनों के खातों सहायता राषि टांसफर की जाएगी। यह राषि किसी भी तरह से रूकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा जबलपुर में आगामी समय में होने वाली समिट के माध्यम से बालाघाट और अंचल में उद्योंगों को बढावा दिया जाएगा। युवाओं के लिए जुलाई महीने में बालाघाट को भी एक्सीलेंस कॉलेज की सौगात मिलेगी। उन्होंने कहा राज्य सरकार रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन जैसी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से श्री अन्न उत्पादन करने वाले किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत है। मिलेट उत्पादन में बालाघाटा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। केंद्र सरकार कोदो–कुटकी को एमएसपी पर खरीदने जा रही है और हम उस पर अलग से अनुदान भी देंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा हमारी सरकार कोषिष कर रही है कि आने वाले समय में सोलर एनर्जी के माध्यम से किसानों को मुफत बिजली मिले। इसके पहले एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बालाघाट में षौर्य और पराकम के प्रतीक वीर जवानों के कम से पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह में सहभागिता की। उन्होंने जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोषन देकर सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री–गृहमंत्री अमरनाथ यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र अमरनाथ यात्रा की शुरुआत पर सभी तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि बाबा बर्फानी के दर्शन और पूजा से जुड़ी यह यात्रा भगवान शिव के भक्तों में अपार ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने कामना की कि बाबा बर्फानी के आशीर्वाद से सभी भक्तों का कल्याण हो।

गृह मंत्री अमित शाह ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा भारतीय संस्कृति की परम्परा और निरंतरता का शाश्वत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम और सुखद यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव व्यवस्था की है कि श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

सांख्यिकी दिवस

आज 18वां सांख्यिकी दिवस मनाया जा रहा है। 2007 से ही 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन सांख्यिकीविदों के अद्वितीय योगदान के लिए मुख्य रूप से प्रसिद्ध सांख्यिकीविद प्रोफेसर प्रशान्त चन्द्र महालनोबिस की जयंती पर मनाया जाता है। इस साल का विषय है – निर्णय लेने के लिए डेटा का उपयोग। आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविन्द पनगढिया ने कहा कि वर्तमान समय की मुख्य चुनौती विश्वसनीय, मजबूत और सही सांख्यिकी का संकलन करना है, जिससे वैश्विक तौर पर डिजिटल और अन्य चैनलों के माध्यम से सूचनाओं की मांग से निपटा जा सके।

मतदाता सूची

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची एक जनवरी 2024 की संदर्भ तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया है कि रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण 2 जुलाई तक किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तिकरण का प्रस्ताव तैयार कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 4 जुलाई तक दिया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 9 अगस्त है। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया जाएगा।

गजेन्द्र सिंह शेखावत

केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि युग युगीन भारत संग्रहालय देश की यात्रा को दिखाएगा। उन्होंने भारत मंडपम में आयोजित युग युगीन भारत संग्रहालय पर भारत–फ्रांसीसी सहयोगात्मक क्षमतावर्धन कार्यशाला के अंतिम दिन इसमें भाग लिया। श्री शेखावत ने कहा की यह संग्रहालय भारत की समृद्ध विरासत और इसकी प्रगति को दरशायेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन ने कहा कि यह संग्रहालय भारत की समृद्ध कला, संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संग्रहालय आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

मानसून

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण–पश्चिम मॉनसून राजस्थान के कुछ हिस्सों, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश के शेष हिस्सों, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों और उत्तराखंड के शेष भागों में आगे बढ़ गया है। इधर, मौसम विभाग ने प्रदेष के ग्वालियर, मुरैना और जबलपुर में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। गरज–चमक के साथ बिजली भी गिर सकती है। आज सागर, सीहोर, राजगढ़, बैतूल, विदिशा, गुना, देवास, बालाघाट, सिवनी, पांढुर्णा, अनूपपुर के अमरकंटक, शहडोल, दमोह, मंडला में हल्की गरज के साथ तेज बारिश का दौर जारी है।

वहीं श्योपुरकलां, खरगोन, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, इंदौर, पन्ना, जबलपुर, खंडवा, कटनी, सीधी, हरदा, उमरिया, उज्जैन, छतरपुर के खजुराहो, रीवा, डिंडोरी, मंदसौर, अलीराजपुर, रायसेन के सांची और भीमबेटका, धार, आगर, नरसिंहपुर, बड़वानी, शाजापुर, शिवपुरी में भी मौसम बदलने का अनुमान जताया है।

चंबल संभाग बैठक

प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने सुझाव दिया कि विद्युत समस्या निराकरण के लिये सोलर ऊर्जा की उपयोगिता अंचल में बढ़ाई जा सकती है। आज मुरैना में चम्बल संभाग के अधिकारियों के साथ संभाग प्रभारी अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव बैठक लेने पहुंचे थे। नवकरणीय उर्जा मंत्री ने कहा कि भू–भाग में फैले बीहड़ों का उपयोग सोलर ऊर्जा के उत्पादन के लिये किया जा सकता है। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने बिजली के दुरूपयोग को रोकने पर जोर दिया। उन्होंने कहा इसके लिए आम उभोक्ताओं को आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेष में सोलर ऊर्जा पर बड़ी परियोजनाएं लागू करने के लिये कार्य किया जा रहा है। बैठक में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने भी मुरैना की समस्याओं से अवगत कराया।

टी–20 मैच

टी–20 विश्व कप के फाइनल में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। बारबाडोज में खेले जाने वाला ये मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।

रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पिछले विजेता इंग्लैंड को 68 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को पराजित किया। दोनों टीमे भारत और दक्षिण अफ्रीका प्रतियोगिता में अजेय बनी हुई हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज छिंदवाडा जिले के अमरवाडा पहुंचे। उन्होंने विधानसभा उप चुनाव के लिए सिंगोडी में जन सभा को संबोधित किया। डा यादव ने कहा जो लोग कहते थे छिंदवाड़ा हमारा गढ़ है उन्हें लोकसभा के नतीजों से जवाब मिल गया।
- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान–पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत शिवपुरी जनपद में अब तक एक हजार से ज्यादा आवासों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। एक हजार आवास बनाने वाला षिवपुरी जनपद देष में सबसे पहले है।
- नर्मदापुरम में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 27 जुलाई को होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को पर्यटन और संस्कृति से परिचित कराने के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता–2024 का आयोजन किया जा रहा है।
- दमोह जिले के कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज ग्राम बलारपुर और खेरा में मौजूद ऐतिहासिक धरोहरों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा जानकारी देने पर जल समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए।

--------------------